
# यूपीईएस में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता।** शिक्षा और शोध में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पेट्रोलियम और ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय (यूपीईएस) और यूके की द यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के बीच समझौता हुआ है। इसके तहत यूपीईएस में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी।

यूपीईएस स्कूल ऑफ लॉ के डीन और इंटरनेशनल अफेयर्स के प्रमुख डॉ. अभिषेक सिन्हा ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ जैसे वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग हमारे यूनिवर्सिटी ऑफ टुमॉरो के विजन का हिस्सा हैं।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस छात्रों को आने वाले समय की चुनौतियों के लिए




दून स्थित यूपीईएस और यूके की यूनिवर्सिटी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

तैयार करेगा। यह पहल शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह सेंटर निरंतर व्यावसायिक विकास पाठ्यक्रम, सैटेलाइट सेंटर्स और स्टार्टअप इनक्यूबेटर की सुविधा देगा। इससे छात्रों और शिक्षकों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। फैकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रम से शिक्षण और ज्ञान का आदान-प्रदान भी होगा। दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ फैकल्टी एक्सचेंज भी होगा।

द यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के डिप्टी वाइस चांसलर प्रो. पीटर क्रिस्प ने कहा कि यूपीईएस के साथ साझेदारी करके खुश है। इससे यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ की 148 साल पुरानी विधिक श्रेष्ठता की परंपरा भारत में भी विस्तारित होगी।